

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 27 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 23 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## रामकथा आयोजन पर गृहमंत्री अमित शाह ने प्रसन्नता व्यक्त की

### दिनेश मुनमुन को लिखा पत्र, शामिल न होने पर खेद जताया





सिवनी यशोः- पिछले दिनों सिवनी नगर में तुलसीपीठाधिश्वर जगद्गुरू रामनंदाचार्य रामभद्राचार्य जी की ऐतिहासिक रामकथा का आयोजन सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पालिटेक्निक ग्राउंड सिवनी में किया था इस कथा के सिवनी विधायक श्री राय ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी को आमंत्रण दिया था जिस आमंत्रण पर गृहमंत्री श्री शाह ने दिनेश राय को राम कथा के लिये शुभकामना देते हुये आमंत्रण का जबाव देते हुये पत्र लिखा है कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 09 सितंबर से 17 सितंबर तक श्री रामकथा ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर आपका आमंत्रण प्राप्त हुआ ।

पत्र में श्री शाह ने लिखा है कि गुरू की आज्ञा पर राजभवन त्याग कर सनातन स यता के कल्याणार्थ वन गमन करने पिता के वचन बद्धता पर राजगद्दी त्यागकर अखिल ब्र हांड के उपकारार्थ अरण्य यात्रा पर निकल जाने, रावण जैसे दुर्जेय एवं विशाल शक्ति के सामने हि मत नहीं हारने एवं परिस्थितियों के विपरीत होने पर भी संपूर्ण ब्र हांड की अखिल शक्तियों का धारक होकर भी संयमित रहने की दीक्षा हमें भगवान राम के जीवनवृत्त से मिलती है । जीवन के नानाविध वस्तुओं, व्यक्तियों के प्रति मर्यादा और शील का सबसे ऊंचा आदर्श प्रस्तुत कन ही तो श्री राम मर्यादा पुरूषोत्तम हो गए।

श्री शाह के शुभकामना पत्र में लिखा गया है कि अपरिहार्य प्रतिबद्धता के कारण मेरा इस पुनीत श्रीराम कथा में स मिलित हो पाना संभव नहीं हो पा रहा है मैं भगवान राम को प्रणाम करते हुये समस्त देशवासियों की उन्नति की करता हूँ एवं श्रीराम कथा के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ ।

श्री शाह ने अंत में श्रीराम चरित्र मानस की सुंदर चौपाई भी लिखी है जिसका भावार्थ है जब जब धर्म की हानि होती है असुर शक्तियाँ बढती है तब तब भगवान ईश्वर विविध रूप में अवतार लेते है और सज्जनशक्ति पर कृपा बरसाते है ।

## सार्वजनिक स्थानों में हो रही जमकर शराबखोरी

सिवनी यशोः- जिले में आबकारी विभाग की प्रभावी कार्यवाही होने के समाचार लगातार सार्वजनिक किये जा रहे है परंतु प्रदेश सरकार द्वारा बढती शराबखोरी पर नियंत्रण के नाम पर शराब दुकानों से अहाते बंद कर दिये । अहाते बंद करने में सरकार की मंशा बहुत ही अच्छी रही होगी परंतु इस अच्छी मानसिकता को कानून पालन कराने वाले पुलिस महकमा और आबकारी विभाग ने जिस तरह से विकृत किया है वह आम जनता की परेशानी का कारण बन रहा है । नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र में खुले क्षेत्रों में शराबियों के अड्डे विकसित हो गये है । नगरीय क्षेत्रों की आंतरिक सड़के और ऐसे बायपास जो जहाँ शाम के बाद यातायात का दबाव कम हो जाता है वहाँ शराबियों की जमघट लग जाती है ।

इन मार्गो से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी तो होती ही है इन मार्गो पर तथा किनारे में बाटले फोड़कर फेंक दी जाती है जिससे यहाँ दुर्घटनाएँ होती है ।

सिवनी नगरीय क्षेत्र की अनेक कालोनियों में कालोनीवासी की आवक जावक कम हो जाती है ऐसी कालोनी के अंदर के मार्गो में शराबियों की महिफिले शाम होते ही सजने लगती है ।

सिवनी नगर की छिंदवाड़ा रोड स्थित हाऊसिंग बोर्ड कालोनी शराबियों के लिये बहुत ही सुविधाजनक क्षेत्र बन गया है जहाँ लोगों ने प्लाट तो ले लिये है परंतु अधिकांश एरिया खाली पड़ा है यहाँ की मु य सड़क के साथ ही अन्य आतांरिक रोडो पर कोई आवक जावक नहीं होती और यहाँ शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है परंतु शराबियों के लिये अंधेरा सुविधाजनक हो जाता है और वे अपने वाहनों के उजाले में शराब का आनंद उठाते है और देर तक शराबखोरी करते है । कुछ शराबी और अन्य प्रकार के नशे के आदि चौपहिया वाहन से यहाँ पहुँचकर बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर शराबखोरी करते है । शराबियों के बीच अनेक बार जमकर झगड़े भी होते है । ऐसी बिरली आबादी वाले क्षेत्र में हो रही शराब खोरी किसी दिन कोई गंभीर आपराधिक घटना का कारण बन सकती है और इस प्रकार खुले में सार्वजनिक क्षेत्र में चल रही शराब खोरी आमजनों के लिये परेशानी का कारण बनी हुई है । पुलिस और आबकारी विभाग से जनापेक्षा की इस दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ।

### आबकारी ए ट के तहत 1 सप्ताह में दर्ज किए 32 प्रकरण



सिवनी में अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन और विक्रय में रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग सक्रिय नजर आ रहा है। आबकारी विभाग ने एक सप्ताह में आबकारी ऐ ट के तहत 32 मामले बनाये हैं।

आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग जिले में जहरीली और अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन और विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कार्रवाई कर रहा हैं। जिसके तहत आबकारी विभाग के दल ने उत्तर वृत्त में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 7498 रूपए मूल्य की 30.16लीटर मदिरा जब्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की है। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 6 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 183688 रूपए मूल्य की 47.80ली. मदिरा और 1720 किग्रा महुआ लाहन जब्त की है।

इसी तरह वृत्त शहर में 8 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 103580 रूपए मूल्य की 85.40 ली. मदिरा और 825 किग्रा महुआ लाहन और वृत्त लखनादौन में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 22555 रूपए मूल्य की 29.32ली. मदिरा और 150 किग्रा महुआ लाहन जब्त किया है। इसी प्रकार वृत्त घंसौर में 4 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4800 रूपए मूल्य की 20 ली. मदिरा जब्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की गई। इस प्रकार जिले के अलग-अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए 32 प्रकरण पंजीबध्द किए है।

## ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानन्द जी का 3 अ टूबर को प्रथम आगमन पर होगा भव्य अभिनन्दन, धर्मसभा



सिवनी यशोः- परमाराध्य भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के परमशिष्य परमपूज्य अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज का शंकराचार्य पद पर अभिषिक्त होने के बाद प्रथम सिवनी नगरागमन 3 अे टूबर को हो रहा है। श्री शंकराचार्य जी के सिवनी प्रथम आगमन पर भव्य महाभिन्दन किया जायेगा इसके लिये व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गयी है। श्री शंकराचार्य जी के सिवनी आगमन से सनातनधर्मियों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। श्री शंकराचार्य जी के प्रथम नगरागमन पर दिनांक 3 अे टूबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से विशाल शोभायात्रा श्री गणेश मंदिर छिन्दवाड़ा चौक से प्रारंभ हो महावीर मढ़िया, शंकर मढ़िया,नगरपालिका चौक से नेहरु रोड होते, दुर्गा चौक होते मठ मंदिर निकाली जायेगी। शोभायात्रा पश्चात् दोपहर 4 बजे से मठ मंदिर प्रांगण में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया है। इस हेतु एक आवश्यक बैठक 21 सित बर को मठ मंदिर में आयोजित हुई जिसमें शोभायात्रा, धर्मसभा सहित आवश्यक विषयों पर चर्चा हुयी और श्री शंकराचार्य जी के प्रथम सिवनी आगमन में भव्य महा अभिनन्दन करने निर्णय लिया गया। इस अवसर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री शंकराचार्य जी के सिवनी आगमन में सभी धार्मिक,सामाजिक संगठनों सहित सभी गुरुभक्तों, सनातनधर्मियोंक्ष उपस्थित होने आग्रह जगद्गुरु शंकराचार्य स्वागत समिति, सिवनी के द्वारा किया गया है।

## अधिवक्ता संघ के दिवर्षीय चुनाव आज

सिवनी यशोः- जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के द्विवर्षीय कार्यकाल हेतु निर्वाचन शनिवार 23 सितंबर को होगा। जिला अभिभाषक संघ के चुनाव अधिकारी मुकेश अवधिया, मनोज प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव हेतु अध्यक्ष पद हेतु 6 उ मीदवार चुनावी मैदान में हैं. जिनमें राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, सुश्री हेमलता जैन, रवि कुमार गोल्हानी, प्रभुदयाल सनोड़िया, आमिर खान एवं रामभुज बघेल शामिल हैं। सचिव पद हेतु रितेश कुमार आहूजा अवधेश कुमार तिवारी एवं योगेन्द्र योगी चुनावी मैदान में उ मीदवार हैं। चुनाव अधिकारी मुकेश अवधिया ने बताया कि सह सचिव पद हेतु लक्ष्मीकांत बघेल एवं मनोज हरिनखेड़े के बीच आमने-सामने की टक्कर होगी. इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद हेतु तीन उ मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. जिनमें नवलकिशोर सोनी, आशीष गोविंद माहुले एवं धनंजय पाठक शामिल हैं. इसी तरह कार्यकारिणी पद हेतु 8 उ मीदवार चुनावी मैदान में हैं जिनमें सतेन्द्र सिंह ठाकुर, मोहनलाल सनोड़िया, प्रवीण सिंह चौहान भूरा, आशीष सोलंकी, विपुल बघेल, अशरफ खान, ऋषभ जैन, राजीव पाठक शामिल हैं. जिला अभिभाषक संघ के चुनाव अधिकारी श्री अवधिया ने बताया कि शनिवार, 23 सितंबर को संघ के ऊपर वाले हाल में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान किया जावेगा. समस्त अधिवक्ता बंधुओं से मतदान कायज़ में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की गई है. शिशुपाल यादव उपाध्यक्ष पद पर निविज़्रोध चुन लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पद हेतु श्री यादव के अलावा किसी भी उ मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था एकमात्र नामांकन होने के कारण श्री यादव को निर्विरोध उपाध्यक्ष पद पर चुन लिया गया है।

## सरीफदास संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं हरनाम सिंह जिलाध्यक्षनियुक्त





हरनाम सिंह बघेल

सिवनी यशो :- भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन श्रीवास्तव द्वारा भाजपा के सक्रिय कार्यकर्त्ता सरीफदास चंद्रवंशी को बालाघाट संसदीय क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है । प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने श्री चंद्रवंशी को नियुक्ति पत्र सौंपते हुये विश्वास जताया है कि इस महत्वपूर्ण जि मेदारी का आप गरिमा के साथ निर्वाहन करते हुये पार्टी की मजबूती के लिये पूर्ण कुशलता से कार्य करेंगे।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता हरनाम सिंह बघेल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है ।

महत्व पूर्ण पदों पर हुई नियुक्ति पर जिला भाजपा ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुये पार्टी को मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की है ।

## भीमगढ़ बांध को पर्यटन क्षेत्र के रूप में किया जायेगा विकसित

### प्रदीप राय के पत्र पर मु यमंत्री ने लिया संज्ञान



सिवनी यशो :- भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय ने प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिले के छपारा विकासखंड में स्थित एशिया के सबसे बड़े मिट्टी के बांध भीमगढ़ बांध क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिये पत्र लिखा था । श्री राय के पत्र को मु यमंत्री जी ने गंभीरता से लेते हुये इस संबंध राज्य पर्यटन निगम को कार्यवाही के लिये निर्देश दिये है । मु यमंत्री जी के निर्देश पर राज्य पर्यटन निगम ने पुरातत्व विभाग एवं संस्कृति परिषद को एओसी के लिये पत्र लिखते हुये जिला कले टर सिवनी से इस बात की सहमति मांगी है कि भीमगढ़ बांध को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके ।

श्री राय ने कहा कि भीमगढ़ बांध को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने से जिले में देशी विदेश उन पर्यटको के लिये एक अच्छा पर्यटन क्षेत्र प्राप्त होगा जो पेंच नेशनल पार्क एवं कान्हा नेशनल पार्क के भ्रमण के लिये आते है । इस नवीन पर्यटन क्षेत्र के विकास से जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा छपारा, भीमगढ़ पलारी क्षेत्र का विकास होगा ।

श्री राय ने प्रदेश के मु यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने पत्र को जिस गंभीरता से लिया है उससे प्रतीत होता है कि भीमगढ़ बांध का क्षेत्र बहुत शीघ्र ही पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा ।

## कार्यकर्त्ता महाकुंभ पहुँचकर ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने - प्रेम तिवारी

सिवनी यशोः- आगामी 25 सितंबर को भोपाल में होने वाली प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विशाल रैली न सिर्फ अभूतपूर्व और विराट होगी बल्कि यह ऐतिहासिक भी होगी। इस इस कार्यकर्ता महाकुंभ में हमें अधिक से अधिक सं या में शामिल होकर इन ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनना है। यह रैली प्रदेश में होने वाले आगामी चुनावों का शंखनाद होगी। इस रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा इस आशय की बात पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नगर दक्षिण मंडल प्रभारी प्रेम तिवारी द्वारा कही गई।

श्री तिवारी ने कहा कि, भाजपा ने देश के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सदैव प्रमाणित किया है। हमारे लिए राष्ट का गौरव, राष्ट्र का सर्वांगीण विकास और जन-जन की सेवा एक मिशन है जिसे पूरा करने के लिए हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार ने सर्वस्व समर्पण की भावना से कार्य किया है। देश की आधी आबादी मातृशक्ति को स मान और उसका अधिकार मिले के लिए जहां महिला आरक्षण बिल पारित हुआ है वहीं मातृशक्ति को अपनी घर गृहस्थी चलाने में ज्यादा बोझा ना उठाना पड़े इसके लिए लाडली बहना से लेकर उज्ज्वला योजना जैसे कदम भी हमारी सरकार ने उठाए हैं। यह सभी कार्य वास्तव में मातृशक्ति का वदंन और अभिनंदन है ।


श्री तिवारी ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला आरक्षण बिल को लोकसभा और राज्यसभा में सर्वस मति से पास कराकर एक नया इतिहास निर्मित किया है। यह देश के लिए गौरव का पल है। यह महिलाओं के लिए हर्ष के पल हैं। यह देश को नई दिशा देने वाला क्षण है। यह मातृशक्ति को उसका हक और स मान दिलाने का निर्णय है। भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होकर हम प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन भी लेंगे और उनका अभिनंदन भी करेंगे।

श्री तिवारी ने कहा कि महिला आरक्षण से लेकर चंद्रयान तक, राम मंदिर निर्माण से लेकर धारा 370 हटाने तक, नागरिकता कानून से लेकर तीन तलाक की कुप्रथा समाप्त करने तक, ये ऐसे निर्णय है जिनके पूरा होने की प्रतीक्षा समूचा भारत वर्ष आजादी के बाद से ही कर रहा था। और इन महान निर्णय को लेने और उन्हें अंजाम तक पहुंचाने का कार्य हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। यह विकासशील भारत से विकसित भारत की ओर बढने् वाले स्वर्णिम काल का शुभारंभ है।

इस बैठक में नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री अभिषेक दुबे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार ने जन-जन के कल्याण हेतु अभूतपूर्व और अभिनव कदम उठाए हैं। आज देश ही नहीं प्रदेश भी विकास विकसित देश और प्रदेश की ओर कदम बढ़ा रहा है हमारे पास जनता के बीच जाने के लिए अनेकों अनेक उपलब्धियां हैं। 25 सितंबर को जब हमारे पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती है तब उनके सपनों को साकार करने वाले ये सभी कार्य उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित करने का सुअवसर भी होंगे। इस महारेली को विराट स्वरूप देने का अवसर और दायित्व हमारा है। प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता अधिक से अधिक इसमे शामिल हों यह सुनिश्चित करना है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि ,बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मंडल प्रभारी श्री प्रेम तिवारी , जिला मंत्री श्री संजीव मिश्रा, मंडल प्रभारी डा. अभिजीत चौहान , दक्षिण मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे,राजू यादव, गोलू पंडित, शैलेन्द्र नामदेव, ऋषभ चौरसिया, दिलीप दुदानी, दीपक बघेल, राजा पराते, राकेश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश गोलू शर्मा, दिनेश कश्यप, खुशहाल माना ठाकुर , राजेंद्र यादव, धर्मराज साहू, शुभम् श्रीवास, अनिल कश्यप, संदीप माना ठाकुर, पंकज यादव, सखाराम कश्यप, दिलीप पनवेल अशोक बरमैया, गजेंद्र आवले, कैलाश यादव, राजकुमार सेन, राजकुमार साहू, पवन बरमाइया, सन्तोष नामदेव, प्रवीण सोनी, रवि सैयाम, ऋतिक तिवारी, अंश सोनी, निशा नाग, नीलिमा जंघेला, फैयाज छोटू पार्षद, मंजूर खान, अरविन्द सेन सहित समस्त नगर मंडल के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष तथा मोर्चा अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### जबरन नॉलेज




## समस्त जि मेदार पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भोपाल महाकुंभ में अधिक से अधिक सं या में कार्यकर्त्ताओं के साथ पहुँचे - आलोक दुबे



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा 25 सित बर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ आयोजित होगा, जिसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने जिले के भाजपा पदाधिकारियों, भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भोपाल में आयोजित महाकुंभ में अधिक से अधिक सं या में पहुँचने की अपील की है ।

श्री दुबे ने कहा कि है कि भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्त्ता महाकुंभ में जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्टों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, नगरीय निकायों के पार्षद एवं अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य, जनपदों के अध्यक्ष एवं उपध्यक्ष जिला संयोजक चुनाव प्रबंध समिति, जिला चुनाव संचालन समिति, घोषित प्रत्याशी (विधानसभा चुनाव-2023), विधानसभा संयोजक, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संचालन समिति सहित समस्त वरिष्ठ नेताओ से प्रदेश भाजपा ने आग्रह किया है अपने प्रभाव क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को इस कार्यकर्त्ता महाकुंभ में अधिक से सं या में व्यवस्थित रूप से ले जाना सुनिश्चित करें ।

श्री दुबे ने कहा कि पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ भारतीय जनता पार्टी के विराट स्वरूप का दर्शन करायेगा । जन आशीर्वाद यात्राओं में जनता का उत्साह बताता है कि विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे बड़ा ऐतिहासिक जनादेश भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल के कार्यकर्ता अपने अनुभव और योग्यता के अनुसार बहुत बढ़िया व्यवस्था करते हैं, जिनकी क्षमता पर पार्टी को पूर्ण विश्वास है। पार्टी के कार्यकर्ता दूरस्थ क्षेत्रों से अनेक समस्याओं का सामना उठाकर कार्यकर्ता महाकुंभ में भोपाल पहुँचेंगे उनकी चिंता भी हमारी प्राथमिकता में होना चाहिये ।

# अवतरित हुए शंकर... वेद मंत्रों के उच्चारण से गुंजायमान हुआ मांधाता पर्वत

## ओ कारेश्वर में हुआ आदि शंकराचार्य की सबसे बड़ी प्रतिमा का अनावरण







**रिपोर्ट-सौरभ तामेश्वरी**

21 सित बर 2023। मध्यप्रदेश में ओ करेश्वर के मांधाता पर्वत पर आदि गुरु शंकराचार्य को समर्पित 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण हुआ। यह देश में आदि शंकराचार्य सबसे बड़ी प्रतिमा है जो कि उनके 12 वर्षीय बालस्वरूप में बनकर तैयार हुई है। इसको 'एकात्म की प्रतिमा' नाम दिया गया है। गुरुवार को मु यमंत्री शिवराज सिंह और जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज सहित हजारों संतों व विशिष्ट जनों की उपस्थिति में आदि शंकराचार्य की इस भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान यहाँ बनने वाले 'अद्वैत लोक' की आधार शिला भी रखी गयी।

जैसे-जैसे प्रतिमा के अनावरण का समय पास आता जा रहा था वैसे-वैसे वेद मंत्रो का उच्चारण क्षेत्र भर गुंजायमान हो रहा था। यहाँ होने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना रही थीं। साथ ही यहाँ पर बाज रहे नगाड़े आचार्य शंकर के लिए जा रहे कार्यक्रम सफलता का बखान कर रहे थे। आदि शंकराचार्य के इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पूरे मान्धाता पर्वत पर भारत की अद्भुत सांस्कृतिक छटा विखर रही थी।

आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊँचीं अष्टधातु की इस प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मध्यप्रदेश की संस्कृतिक धरोहरों में इस प्रतिमा का नाम भी जुड़ गया। आदि शंकराचार्य यह प्रतिमा 16 फीट के कमल पर स्थापित हुई है, इसमें कॉपर जिंक तथा टिन आदि का मिश्रण है।



**ओ कारेश्वर में इसलिए बनायीं गयी है प्रतिमा**

ओ करेश्वर में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा को स्थापित करने के साथ यहाँ पर बनने वाले 'अद्वैत लोक' बनाने के पीछे का कारण है आदि शंकराचार्य का ओ कारेश्वर से स बन्ध। आदि शंकारचार्य जब 8 वर्ष के थे उस समय वे केरल के कालड़ी से 1600 किलोमीटर दूर पैदल यात्रा करते हुए मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर में आए थे। जिस पर्वत पर यह प्रतिमा स्थापित हुई है वहीं पर उन्हें गुरु गोविंद भगवत पाद जी मिले थे। चार वर्ष अध्ययन करने के बाद गुरु से शिक्षा प्राप्त करके वह अखंड भारत के भ्रमण पर निकले। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया कि संतों के मार्गदर्शन में ओ कारेश्वर के मान्धाता पर्वत पर आदि शंकारचार्य को समर्पित यह विशेष प्रोजे ट तैयार किया जाए।

**वर्ष 2017 में हुई थी प्रतिमा बनाये जाने की घोषणा**

वर्ष 2017 में 9 फरवरी को ओंकारेश्वर में नर्मदा सेवा यात्रा कार्यक्रम के दौरान मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदि शंकराचार्य की प्रतिमा बनाने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद से ही इसको लेकर योजनायें बनना प्रारंभ हो गयी थीं। इस प्रतिमा को बनाने के लिए पहले आदि शंकराचार्य के बाल स्वरुप की पेंटिंग तैयार की, उसके बाद उसी के अनुरूप छोटी प्रतिमा बनी। सबकुछ सही रहा तब फिर आदि शंकराचे की इस भव्य 'एकात्म की प्रतिमा' को आकार दिया गया। ध्यान रहे देश के प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव तारानाथ कामत ने पहले आदि शंकराचार्य पेंटिंग बनाई और उस पेंटिंग की तरह मूर्ति बनाने का काम शिल्पकार भगवान देवेन्द्र रामपुरे ने किया।

**समाज के सहयोग से तैयार हुई है 'एकात्म की प्रतिमा'**

जब हम आदि शंकराचार्य का जीवन देखते हैं तो सामने आता है कि उन्होंने अद्वैत का प्रचार-प्रसार कर समाज को जोड़ने का कार्य किया। पूरे देश भर में भ्रमण के दौरान उन्होंने समाज को एकजुट किया। आदि शंकराचार्य की इस प्रतिमा के निर्माण में समाज का सहयोग रहे इसके लिए वर्ष 2017-18 मध्य प्रदेश के लगभग 27 हजार ग्रामों में एकात्म यात्रा निकाली गई। जनजागरण एवं धातु संग्रहण के उद्देश्य से निकाली इस यात्रा में समाज के हर वर्ग से धातुएं एकत्रित कीं। इसके बाद यात्रा में जो धातुएं प्राप्त हुई उन धातुओं को आदि शंकराचार्य की अष्टधातु की प्रतिमा के निर्माण में उपयोग किया गया।

**आईये आदि शंकराचार्य जी के बारे में जानते हैं**

केरल के कलाड़ी में जन्में आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म 508-9 ईसा पूर्व हुआ था। वह एक भारतीय दार्शनिक, धर्मशास्त्री, और आध्यात्मिक गुरु थे, उन्हें भगवान् शंकर का अवतार माना जाता है। आदि शंकराचार्य एक प्रतिभाशाली छात्र थे, उन्होंने कम उम्र में ही चार वेदों को सीख लिया था। 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया। उन्होंने गुरु गोविंदापाद के अधीन अद्वैत वेदान्त की शिक्षा ली। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों को विकसित और प्रचारित किया, अपनी यात्रा उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों पर कई व्या यान दिए। उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों पर कई ग्रंथों की रचना की, जिनमें भाष्य, प्रकरण, और स्तोत्र शामिल हैं। आदि शंकारचार्य ने भारत में चरों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की, जिन्हें शंकराचार्य मठों के रूप में जाना जाता है। इन मठों ने हिंदू धर्म के प्रचार और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ग्वालियर के प्रसिद्ध मोटे गणेश जी को पहनाई 21 हजार रूपये की पोषक



भोपाल। गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है. इस बार गणेश उत्सव मेंग्वालियर में मोटे गणेश जी को 21 हजार रुपये से तैयार की गई विशेष पोशाक पहनाई गई है. यह पोशाक विशेष आज ही के दिन के लिए बनवाई गई है. इसके अलावा वह मराठ पगड़ी पहनेंगे. यह अंचल का एकमात्र मंदिर है जहां गणेशजी को मराठा पगड़ी पहनाई जाती है. भगवान के दर्शनों को दूर दूर से लोग आते हैं. ग्वालियर शहर के खासगी बाज़ार में लगभग 500 वर्ष प्राचीन मंदिर में भगवान गणेश जी विराजित हैं. श्रद्धालु इन्हें मोटे गणेश जी के नाम से पुकारते है. लोग बताते हैं कि इस प्रतिमा राजस्थान के मेबाड़ रियासत से स्थापित कराने के लिए लाया गया था. यहां आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि मोटे गणेश जी के दर्शन मात्र से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है. मोटे वाले गणेशजी के संबंध में बताया जाता है कि मोटे गणेशजी की प्रतिमा धरती से प्रकट हुई थी.

नगर में सबसे प्राचीन मोटे गणेशजी के मंदिर से लोगों की आस्थाएं जुड़ी हुई हैं. यहां प्रति बुधवार को श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं. श्रद्धालु दुर्वा के साथ मोदक का भोग लगाते हैं. मोटे गणेश जी की मूर्ति 500 वर्ष पूर्व की बताई जाती है.

कुछ लोगों का कहना है कि इस मूर्ति को राजस्थान की मेवाड़ रियासत से स्थापना के लिए लाया गया था. वहीं मंदिर के पुजारी जगदीश भार्गव का कहना है कि यहां मौजूद पाटौर की खुदाई के दौरान यह मूर्ति जमीन से प्रकट हुई थी. मूर्ति में गणेश भगवान का पेट भी निकल रहा था. तत्कालीन पंडित लल्लीराय भार्गव ने यहां मंदिर की स्थापना की और बाद में इसका जीर्णोद्धार तत्कालीन महाराज जीवाजीराव सिंधिया ने कराया था। पेट निकलने के कारण लोग उन्हें मोटे गणेश कहने लगे.

लोग मनोकामना मांग कर 11 बुधवार यहां परिक्रमा करते हैं. ज्यादातर लोगों का मानना है कि यहां एक बार मांगी गई मनोकामना जरूर पूरी होती है. इन्हें व्यापारियों के गणेश भी कहा जाता है. व्यवसायीगण अपने प्रतिष्ठान खोलने से पहले मोटे गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन करते हैं और मंदिर के गेट के पत्थर पर दुकान की चाबी हल्की सी रगड़कर ही दुकान खोलते हैं। व्यापारियों का मानना है कि इससे व्यवसाय में बरकत आती है.

## मुस्लिमों ने गणेश पंडाल में घुसकर किया हमला, घायल किया परिवार

**ग्वालियर के प्रजापति मोहल्ले की घटना**

**सलमान, छोटू, इरफान, परवेज और साथियों ने किया हिन्दू परिवार पर सुनियोजित जानलेवा हमला**

**मंगलवार देर रात दिया घटना को अंजाम, घायल व्यक्ति का इलाज जारी**

**जाते-जाते पंडाल लगाने वालों को दी जान से मारने की धमकी।**



ग्वालियर। ग्वालियर में गणेश पंडाल में मां, बेटे और दो अन्य लोगों पर तलवार-लाठी से हमला किया गया। आरती में साउंड सिस्टम बजाते ही हमलावर नाराज हो गए। वे आरती के बीच तलवार, लाठी और सरिया लेकर मां-बेटे पर टूट पड़े। बचाने आए दो अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। घटना मंगलवार रात गेंडेवाली सड़क पर प्रजापति मोहल्ले की है।

पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास में केस दर्ज किया है। महिला के घायल बेटे को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

जनकगंज थाना क्षेत्र के गेंडे वाली सड़क स्थित प्रजापति मोहल्ले की उर्मिला यादव ने घर के पास ही गली में गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। उन्होंने पुलिस को शिकायत में बताया कि मंगलवार रात 9.30 बजे गणेश पंडाल में आरती की तैयारी चल रही थी। साउंड सिस्टम जैसे ही ऑन किया तो पास ही रहने वाले सलमान खान, छोटू खान आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी हमले पर आमादा हो गए। उस समय उन्हें समझाकर रवाना कर दिया। इसके कुछ देर बाद जब आरती चल रही थी, तभी सलमान, छोटू, इरफान, परवेज और अन्य लोग आए और हमला कर दिया। सलमान तलवार लिए था।

**जान से मारने की धमकी देकर भागे आरोपी**

उर्मिला ने स्नढ्ढक्र में बताया- परवेज ने बेटे के माथे पर तलवार से हमला किया। मैं बचाने दौड़ी तो इरफान ने मुझे लाठी मारी। मेरे दाहिने हाथ के पंजे पर चोट आई। वहां जसवंत खटीक आया तो छोटू ने उस पर तलवार से हमला किया। उसके बाएं हाथ की अंगुलियों से खून निकल आया। बचाने आए श्याम को भी तलवार लगी। हमले के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

घटना के बाद रात से ही गणेश पंडाल सूना पड़ा है और लोग दहशत में हैं। जिस इलाके में घटना हुई है, वो शहर का संवेदनशील इलाका है। यहां गणेश उत्सव, नवदुर्गा उत्सव और ताजियों के दिनों में जरा सा तनाव बड़े विवाद में बदल जाता है।

**पुलिस तलाश रही सीसीटीवी फुटेज**

जहां घटना हुई है, वहां पास ही एक स्कूल में छ्व्रञ्जङ्क कैमरे लगे हैं, लेकिन फिलहाल स्कूल में ताला डला हुआ है। स्कूल संचालक का फोन लग नहीं रहा है। इस कारण पुलिस को घटना के लाइव फुटेज नहीं मिल पा रहे हैं। पुलिस ने रात को हंगामे के दौरान के कुछ वीडियो स्थानीय लोगों से मांगे हैं, लेकिन कोई भी वीडियो सामने नहीं आया है।

जनकगंज थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घायलों की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर पुलिस जवान तैनात कर दिए गए हैं। हमलावरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में है वैश्वकि समस्याओं का हल - मु यमंत्री चौहान

**भारत की सनातनी पर परा, अद्वैत और एकता के विचार को सामने लायेगा एकात्म धाम मध्यप्रदेश परिव्रजन योजना पर करेगा कार्य, संतों को भी जोड़ेंगे**

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैश्व?िक समस्याओं का हल आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में उल्लेखित एकात्मवाद में है। श्री चौहान ने आज खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिद्धवरकूट क्षेत्र में ब्रह्मोत्सव को स बोधित करते हुए कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम भारत की सनातनी पर परा और एकता के विचार को अभिव्यक्त करने का कार्य करेगा। समारोह में देश से हजारों संत, आध्यात्मिक विचारक और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि ÷वसुधैव कुटु बक÷ भारत का आदर्श विचार है। एक ही चेतना सभी मनुष्यों-प्राणियों में व्याप्त है। तेरा-मेरा की बात करने वाले व्यक्ति छोटे हृदय के होते हैं। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों के कल्याण का दर्शन सिर्फ भारत में मिलेगा। तुलसी, कबीर और अन्य संतों एवं विचारकों ने मानव-कल्याण को ही सर्वोपरि माना है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में परिव्रजन योजना पर कार्य किया जायेगा। इसके तहत सेवा कार्य के पवित्र उद्देश्य से प्रवास और अन्य स्थान पर समाज के उपयोगी प्रकल्प अपनाने के लिये नागरिकों के साथ ही संत समाज को भी जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड का चयन कर युवाओं के माध्यम से अद्वैत के सिद्धान्त का प्रचार किया जायेगा। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने शिविरों के माध्यम से युवाओं को एकात्मता और मानव-कल्याण के विचार से जोड़ा है। इस कार्य में संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ओंकारेश्वर में आज ऐसे अद्भुत अद्वैत लोक के लिये भूमि-पूजन हुआ है जो आने वाली पीढ़ी को इस दर्शन की जानकारी देकर भविष्य संवारेगा। अद्वैत लोक से एकात्मता और शांति का संदेश दुनिया भर में जायेगा। यह दर्शन नई पीढ़ी के मन-मस्तिष्क तक पहुँचेगा। आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय वेदांत संस्थान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इस विचार को स्थानांतरित भी करेगा। मु यमंत्री ने कहा कि जगतगुरू शंकराचार्य 8 वर्ष की आयु में करीब 1675 किलोमीटर की यात्रा कर ओंकारेश्वर पहुँचे थे। यहाँ उन्होंने दीक्षा प्राप्त की। भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण के बाद शंकराचार्य जी ने स पूर्ण भारत को चारों दिशाओं में बांधने का कार्य किया। शंकराचार्य जी थे, तभी आज भारत है।

**प्रतिमा स्थापना का विचार नर्मदा यात्रा में आया**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ओंकारेश्वर का अद्वैत संस्थान देश और दुनिया के विद्यार्थियों के माध्यम से विश्व शांति का केन्द्र बनेगा। वर्ष 2016 में सिंहस्थ महाकु भ के दौरान नर्मदा सेवा यात्रा की प्रेरणा मिली। नर्मदा सेवा यात्रा के माध्यम से ही ओंकारेश्वर में शंकराचार्य जी की प्रतिमा स्थापना का विचार मन में आया, जिसे साकार करने के लिये एकात्म यात्रा निकाली गई और घर-घर से मिट्टी के कलश लाये गये थे। इससे यह विचार प्रसारित हुआ। मु यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विचारकों ने भी शंकराचार्य जी को विश्व के सर्वश्रेष्ठ महापुरूषों में शामिल किया है।

**ब्रह्मोत्सव में साधु, संतों और अखाड़ों के प्रमुखों ने की एकात्म धाम प्रकल्प की प्रशंसा**

जूना पीठाधीश्वर के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदा के तीरे इस धाम में भगवान ओंकारेश्वर पर्वत पर भागवतपाद जगतगुरु की भव्य और दिव्य प्रतिमा स्थापित करने का प्रकल्प अद्भुत है। आज यहाँ दक्षिण भारत से भी अनेक संत पधारे हैं। आदि शंकराचार्य जी आज भारत के सांस्कृतिक स्वरूप का मेरुदंड बने हैं। हमारी संस्कृति इस तरह विकसित नहीं होती यदि शंकराचार्य जी नहीं आते।

**गुरू देने वाली धरा है मध्यप्रदेश**

स्वामी अवधेशानंद जी ने कहा कि देश का हृदय प्रदेश गुरू देने वाली धरा भी है। शंकराचार्य जी को मध्यप्रदेश में आगमन पर गुरू गोविंद पाद मिले और मध्यप्रदेश की धरती से जगतगुरू भी मिले। मु यमंत्री श्री चौहान को जगतगुरू ने ही इस कार्य के लिये चयनित किया। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना और अद्वैत धाम की पहल मानवीय नहीं बल्कि ईश्वरीय या दैवीय संकल्प है। मु यमंत्री श्री चौहान अच्छे शासक, प्रशासक होने के साथ ही उच्च कोटि के उपासक भी है। मु यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी जीवन साथी के सद्कार्यो में सहायक बनती हैं। मध्यप्रदेश में शंकरदूत भी बनाये जा रहे हैं। अद्धैत दर्शन के संदेश को समाज तक पहुँचाने वाले युवा-उत्प्रेरक और प्रचारक शिविरों के माध्यम से तैयार किये जा रहे हैं। अवधेशानंद जी ने आशा व्यक्त की कि मध्यप्रदेश सेवा कार्यों में अग्रसर बना रहेगा।

हरिद्वार के परमानंद गिरि जी ने कहा कि आज का दिन प्रसन्नता का है। यह दिन सिर्फ भारतीयों के लिये नहीं स पूर्ण विश्व के लिये महत्वपूर्ण है। युवाओं द्वारा वेदांत का प्रचार हो रहा है, आज मनुष्य छोटी-छोटी बातों में फँसा हुआ है। इन छोटी बातों को जड़ से उखाड़ फेंकना है अर्थात इन्हें समाप्त कर एकता और वेदांत के विचार को प्रचारित करना होगा।

वरिष्ठ विचारक श्री सुरेश सोनी ने कहा कि झंझावातों के बाद भी भारत आगे बढ़ रहा है। दीर्घ काल के बाद भारत ÷स्व÷ को अभिव्यक्त कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक पर परा के प्रति स्थानों का विकास हो रहा है। केदारनाथ, अयोध्या, काशी और उज्जैन में महाकाल लोक से राष्ट्रवासियों का ध्यान आकर्षित हुआ है। नागरिकों की आशा और आंकाक्षा है कि देश एक हो, अद्वैत का सिद्धान्त प्रचारित करने के प्रयास सराहनीय हैं। मु यमंत्री श्री चौहान इसके लिये साधुवाद के पात्र हैं। ओंकारेश्वर की भौतिक प्रतिमा लोगों के आध्यात्मिक मानस तक पहुँचेगी। संतों की तपस्या और सिद्धान्त हमारे व्यवहार में व्यक्त होंगे, इसके चिन्ह दिखाई दे रहे हैं। आज अद्वैत के विचार को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। ओंकारेश्वर का प्रकल्प एक गंगोत्री के समान है जो जल की धारा को बढ़ाते हुए महासागर के रूप में सामने आयेगा। संतों की प्रेरणा और आशीर्वाद मिल जाने से यह साकार होगा। ब्रह्मोत्सव जी-20 के सन्दर्भ में एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के विचार को भी बल मिला है।

**ब्रह्मोत्सव में पहुँचे विविध क्षेत्रों के प्रतिनिधि**

ब्रह्मोत्सव में जहाँ मित्रानंद महाराज पधारे, जो युवाओं को आयएएस बनने के लिये कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाते हैं, वहीं पत्रिका समूह के प्रमुख श्री गुलाब कोठारी के अलावा 13 प्रमुख अखाड़ों के प्रतिनिधि और देश के विभिन्न स प्रदायों के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। गुरू मॉ आनंदमूर्ति जी के साथ ही पद्मश्री श्री वी.आर. गौरीशंकर भी पधारे। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक अनेक प्रान्तों के प्रतिनिधि आये।

**ब्रह्मोत्सव में वर्चुअली भी जुड़े संत**

सिद्धवरकूट में हुए ब्रह्मोत्सव में विभिन्न पीठों के जगद्गुरू शंकराचार्य ने भी लाइव संदेश के माध्यम से एकात्म धाम के लिये शुभकामना संदेश दिये। जगद्गुरू शंकराचार्य, शारदा पीठ और श्रृंगेरी श्री विधुशेखर भारती महास्वामी जी ने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य की भव्य मूर्ति बन जाने से श्रद्धालुओं को परम सुख की अनुभूति मिलेगी। अद्वैत के सिद्धान्त अनंत है। इन सिद्धान्तों ने समाज के विभिन्न लोगों को जोड़ा है। जगद्गुरू शंकराचार्य, शारदापीठ द्वारिका सदानंद सरस्वती जी ने अपने संदेश में कहा कि यह अवसर बेहद शुभ है। एक दौर में वेद ग्रन्थों के प्रमाण मांगे जाने लगे थे। आचार्य शंकर ने अपने धार्मिक सूत्रों से उनका खण्डन किया। आचार्य मानते थे कि प्रत्येक प्राणी में परमात्मा का अंश है। जगद्गुरू शंकराचार्य, कांची कामकोटि पीठ, कांचीपुरम स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती जी ने अपने संदेश में कहा कि वेदों का सार है विश्व-कल्याण। आज इस विचार को सारा विश्व मान रहा है। उन्होंने मु यमंत्री के समाज के कल्याणकारी कार्यों जैसे मु यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री श्री चौहान ने महाकाल धार्मिक क्षेत्र का भी विस्तार किया है। अद्वैत के सिद्धान्तों से देश का विकास होगा और भारत जल्द विश्व गुरू बन सकेगा।

अंत में संस्कृति मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर ने आध्यात्म के इस कार्यक्रम में संतों के पहुँचने और नागरिकों के शामिल होने पर सभी का आभार माना।

**'शिवोहम' की प्रभावी प्रस्तुति से हुई ब्रह्मोत्सव की शुरुआत**

मु यमंत्री श्री चौहान सहित देश भर से पधारे संतों,आध्यात्मिक गुरुओं, प्रबुद्ध जन और नागरिकों के समक्ष %शिवोहम% नृत्य नाटिका में आचार्य शंकर के स्रोतों पर केंद्रित समवेत नृत्य की प्रस्तुति हुई। ओंकारेश्वर में नर्मदा तट के पास सिद्धवरकूट में निर्मित विशाल मंच पर संतों के पहुँचने पर उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पद्मा के नृत्य से हुई। सबसे पहले उपस्थितों ने वेदोच्चार का श्रवण किया और पद्मभूषण डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम की भरत नाट्यम शैली में दी गई प्रस्तुति देखी। इस प्रस्तुति में गायन डॉ. गायत्री टंडन का था।

## कान्हा पार्क भ्रमण के लिए ऑनलाईन बुकिंग शुरू




मंडला यशोः- विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क में पर्यटकों के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। इस बार पर्यटन शुल्क बढ़ सकते हैं जिसका प्रस्ताव भोपाल स्तर पर शासन को भेजा गया है इसलिए फिलहाल अे टूबर माह के लिए भी पर्यटकों की बुकिंग ऑनलाईन हो रही है। जानकारी अनुसार बुकिंग पिछले एक सप्ताह पूर्व शुरू हुई थी और कुछ ही दिनों में बुकिंग फुल भी हो गई है। बता दें कि वर्षाकाल में कान्हा नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है सिर्फ बफर जोन में ही पर्यटन हो सकता है। सूत्रों के अनुसार इस बार पर्यटन शुल्क में बढ़ौत्तरी होना तय माना जा रहा है। इसी लिए फिलहाल सिर्फ अे टूबर महिने के लिए ही बुकिंग की गई है। इसी के साथ जो पर्यटक अे टूबर माह में कान्हा भ्रमण के लिए बुकिंग करा रहे हैं। इस बीच यदि पर्यटन शुल्क बढ़ाया जाता है तो पर्यटक को काउंटर में डिफरेंस शुल्क जमा करना होगा।

**पार्क में सुधार कार्य जारी**

पार्क क्षेत्र में 1 अे टूबर से सभी गेटों से पर्यटकों को एन्ट्री दी जाएगी। पार्क के अंदर बारिश के दौरान आवागमन का मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाता है , जिसमें सुधार कार्य कराया जा रहा है ताकि पर्यटकों को यहां किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ पार्क आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए हॉटल, रिसोर्ट के साथ ही ढाबा संचालकों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है।

**हाथी कै प में हाथियों की हो रही सेवा**

कान्हा नेशनल पार्क में जो हाथी आम दिनों में जंगल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करते है ये हाथी अब 17 से 23 सितंबर तक चलने वाले रिजुविनेशन के प तरह-तरह के फल, पकवानों का लु त उठा रहे हैं। हाथियों को गन्ना, केला, मक्का, आम, अन्नानास, नारियल खिलाकर जंगल में छोड़ा जा रहा है। दोपहर को दोबारा हाथी कै प में लाए जा रहे है। रोटी, गुड, नारियल, पपीता खिलाया जा रहा है। 23 सितंबर को रिजूविनेशन के प का समापन होगा।

## विधायक पहुँचे विद्यालय तो शिक्षक रहे नदारत, जिला कले टर से की बात

**अतिवृष्टि से फ़सलो के नुकसान का जायजा लिया विधायक ने**

**ग्राम टकटुआ के 20 से अधिक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली**

**ग्राम कोपीझोला भगवान विरसा मुंडा चौक का भूमि पूजन**



सिवनी यशोः- शुक्रवार 22 सितंबर को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहबर्रा मे शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। विद्यालय के शिक्षको की अनुपस्थिति देख नाराज हुए श्री पाल ने इस प्रकार की शिक्षण कार्य में लापरवाही पर दूरभाष के माध्यम से जिला कले टर एंव जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की एवं व्यवस्था सुधारने की बात कही । विद्यालय पहुँचे श्री पाल ने में साफ सफाई का ध्यान रखने का निर्देश दिये । उन्होने विद्यार्थियों कहा कि शिक्षा में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आने दूँगा। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री पाल ने कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए बहुआयामी योजनायो से लाभान्वित कर रहें। विद्यार्थियों को उनका बस्ता, लैपटॉप, स्कूटी, स्कॉलरशिप,प्रदान कर रहें हैं जिससे छात्र छात्राएँ अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके।

श्री पाल मंडल उगली अंतर्गत ग्राम नसीपुर,खुरसुरा,होलुटोला एवं ईमलीटोला विगत दिनों हुई अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का निरीक्षण करने पहुंचे तथा उगली तहसीलदार एंव राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारीयो को निर्देशित किया कि सभी किसान भाइयों को उनकी फसलों का उचित मुआवजा मिल सके इसकी पूरी गंभीरता से चिंता की जाये । उन्होंने कहा कि केवलारी विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों के साथ किसी भी प्रकार से अहित न हो सके।

इसके पश्चात केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने ग्राम कोपीझोला में भगवान बिरसा मुंडा जी के नाम पर चौक का भूमि पूजन किया एवं कहा कि आने बाले समय मे भगवान बिरसा मुंडा जी मूर्ति के लिये पर्याप्त राशि प्रदान की जायेगी और मूर्ति को भव्यता के साथ स्थापित किया जायेगा । ग्राम कोपीझोला में गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के कार्यक्रम में पहुँचकर सभी ग्रामीण जनों से एवं टकटुआ पहुँचकर ग्रामीण जनों से मुलाकात की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर 20 से अधिक युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभी युवाओं को अंग वस्त्र भेंट कर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्री पाल ने नवप्रवेशित कार्यकर्त्ताओं का विश्व के सबसे बडे राजनैतिक दल में शामिल होने पर शुभकामनाएँ दी । इस क्षेत्र के जनसंपर्क के दौरान श्री पाल के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहीं।

## ग्राम की जरूरतों का ध्यान रखते हुए नवीन कार्यों की स्वीकृति प्रदान करें - डॉ. सिडाना

**कले टर ने की ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा**



मंडला यशोः- ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि ग्राम की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवीन कार्यों की स्वीकृति प्रदान करें। प्रस्ताव तैयार करते समय ग्रामीणजनों से प्राप्त सुझावों को भी ध्यान में रखें। जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रेवल सड़क तथा सीसी सड़क के निर्माण कार्यों की स्थलवार समीक्षा करते हुए कले टर ने निर्देशित किया कि सभी कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। उपयंत्री एवं सहायक यंत्री के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक तकनीकि सहयोग प्रदान करें। ल बे समय से स्वीकृत ऐसे कार्य जिनका कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है उनकी स्वीकृति निरस्त कर आवश्यकता के अनुरूप नवीन स्वीकृति जारी करें। स्कूल तथा आंगनवाड़ी को जोड़ने वाली सड़कों को प्राथमिकता प्रदान करें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने श्रमिकों का नियोजन बढ़ाने के निर्देश दिए। कले टर ने निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण के लिए विद्यालय परिसरों को प्राथमिकता दें। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध राशि से नियमानुसार स्कूलों के शौचालयों की मर मत तथा स्वच्छता संबंधी कार्य कराएं। कले टर ने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा स्वीप गतिविधियों की चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना तथा उज्ज्वला योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर से प्रधानमंत्री आवास योजना की सघन मॉनिटरिंग करते हुए स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं।

## नियम विरूद्ध तरीके से संचालित वाहनों से परिवहन की जा रही अवैध रेत

### ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही




मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध चैकिंग की कार्यवाही के तहत 20 सितंबर 2023 को मण्डला-नैनपुर मार्ग पर 23 वाहनों की जांच की गई, जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर एवं ओव्हर लोडिंग आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान वाहन क्रमाक एमएच 40 सीडी 8904, एमएच 46 बीएम 4242 एवं सीजी 04 पीडी 9862 ओव्हरलोड संचालन करते पाये गये, जिसमें एक वाहन पर मोटरयान अधिनियम के तहत 18 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई एवं 2 वाहन जब्त किये गये। चैकिंग में परिवहन जांच दल में जे.पी. उइके एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

**कर्तव्यनिष्ठा से करें पीड़ित मानवता की सेवा**

## पदोन्नति पर सीबीएमओ को दी विदाई, नवागत बीएमओ का किया स्वागत

भुआबिछिया यशोः- विख बिछिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ सीबीएमओ डॉ.रविकांत उइके को शासन ने पदोन्नत कर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल के पद पर पदस्थ किया है। बुधवार को बिछिया सीएचसी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यहां बिछिया में पदस्थ किए गए बीएमओ डॉ.सज्जन कुमार उइके का स्वागत भी किया गया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदा हो रहे डॉ.रविकांत उइके ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देने से पीड़ितो की सेवा करने का अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि पूरी कर्तव्यनिष्ठा से हमेशा पीड़ित मानवता की सेवा करे। उन्होने कार्यकाल के दौरान के अनुभव को साझा किया।

नवागत बीएमओ डॉ.सज्जन कुमार उइके ने कहा कि विख के स्वास्थ्य कर्मचारियो के सहयोग से उपलब्ध संसाधनो के आधार पर बेहतर से बेहतर सेवाएं देने के प्रयास किए जाएंगे। डॉ.दिनेश कुमार टाकसांडे ने डॉ.रविकांत उइके को अनुभवी चिकित्सक अधिकारी बताते हुए शुभकामनाएं दी। उनके साथ किये गये कार्यो के अनुभव को साझा किया।

सीएचसी बिछिया से नवीन पदस्थापना में जा रहे चिकित्सक डॉ.अभयकीर्ति गजभिये, डॉ.ममता मरकाम को भी कार्यक्रम में विदाई दी गई। डॉ.अभयकीर्ति गजभिये ने कहा कि बिछिया बड़ा क्षेत्र होने से अधिक से अधिक लोगो की सेवा करने का अवसर मिला है। इसके साथ पीजी के लिए जा रहीं चिकित्सक डॉ. शालिनी पट्टा को भी विदाई दी गई। डा.शालिनी ने कम समय में यहां कार्य करने के मिले बेहतर अवसर पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में नवागत पदस्थ डॉ.मेघा पटैल, डॉ.सुवर्ण सौरभ का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सीएचसी के डा. मुकेश झारिया, डा.ओमप्रकाश पटैल, बीसीएम मो.नईम, सीएम सिंह, गोवर्धन सिंह धुर्वे, कमल किशोर आर्मो ने संबोधित किया। सुपरवाइजर राजू मसराम ने गीत प्रस्तुत किया। विदा ले रहे चिकित्सको को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफकी मौजूदगी रही।

## जनहित की मांगों को लेकर जनपद सीईओ को सौपा ज्ञापन



मंडला यशोः- मंडला विकासखंड नारायणगंज के मेटो ने जनहित की मांगों को लेकर आज जनपद सीईओ को ज्ञापन सोपा वहीं देर ना करते हुए जनपद सीईओ ने भी हरी झंडी दिखाते हुए तत्काल सभी पंचायत को आदेश किया गौर तलब है की पंचायत कार्यों के निर्माण के समय रोजगार गारंटी के श्रमिकों को चोट लगती है चक्कर आते हैं घबराहट होती है कमजोरी होती है इन सब समस्याओं को देखते हुए मेट संघ ने जनहित भावनाओं को देखते हुए फर्स्ट एड बॉ स की मांग की थी जिसे जनपद सीईओ ने हरी झंडी दिखाई साथ ही साथ आदेश में यह भी लिखा है एसएमएस से हाजिरी लेते वक्त मस्टरोल पर मेट्रो का भुगतान किया जाए

एवं सार्वजनिक हितग्राही कार्यों के समय मेट का भुगतान पर जोड़ा जाना चहिए मेट संघ सचिव शिवकुमार भावेदी इसके लिए साधुवाद के पात्र हैं इस ज्ञापन पर मेट संघ के मीडिया प्रभारी हेम सिंह परते , मुलीराम कुशराम, आशा राम कुशराम ,और सतीश सिंगरोरे, आशिक दास बैरागी, से टर प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वरकडे बसन्त कुमार , शिव प्रसाद महोदया, मिरा पन्द्रराम, सुलेखा सिंगरोरे, अन्य सभी मेट साथी उपस्थित थे

## दिव्यांग छात्रावास की मर मत के लिए चुटका परियोजना ने दिया 8 लाख

मंडला यशोः- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बिछिया विकासखंड के माधोपुर में संचालित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के भवन के मर मत के लिए न्यूॅ लयर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड चुटका मध्यप्रदेश परमाणु विद्युत परियोजना द्वारा सीएसआर मद से 8 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई है। यह राशि छात्रावास प्रबंधन समिति के खाते में जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उक्त छात्रावास का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए तथा इस संबंध में उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए चुटका परियोजना के अधिकारियों से सीएसआर मद से राशि उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की थी जिसके आधार पर अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण कर चुटका परियोजना द्वारा संबंधित छात्रावास प्रबंधन समिति के बैंक खाते में राशि जारी कर दी गई है। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्राक्कलन के अनुरूप कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## बैठक में अनुपस्थित रहने वाले से टर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

मंडला यशोः- समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने 2 से टर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त से टर अधिकारियों की बैठक में 19 सितंबर को आयोजित की गई थी जिसमें विधानसभा क्षेत्र 105 बिछिया के से टर क्रमांक 30 के से टर ऑफीसर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई हरिसिंह परते तथा विधानसभा क्षेत्र 107 मण्डला के से टर क्रमाक 15 के से टर ऑफीसर एवं जनजातीय कार्यविभाग के उपयंत्री रमेश परमार बैठक में अनुपस्थित रहे। इनकी अनुपस्थिति के कारण से टर अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों की समीक्षा कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। जिस पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## कले टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र और प्राथमिक शाला झंडाटोला का निरीक्षण किया



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन झंडाटोला चाबी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपयंत्री को नियमित रूप से निर्माण कार्य का निरीक्षण करने को कहा। जिससे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण निगरानी में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो सके। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने इसके बाद प्राथमिक शाला झंडाटोला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य के बारे में जानकारी ली। छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा कार्य, गृह कार्य और श्यामपट कार्य कराने के निर्देश दिए। जिससे छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर बेहतर बन सके। उन्होंने स्कूल में छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से मेनू के आधार पर मध्यान्ह भोजन देने के निर्देश दिए। जिससे छात्र-छात्राओं को रूचिकार गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन मिल सके। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मण्डला सहित बिछिया ,निवास के विधानसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उदघाटन



मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी के मार्गदर्शन में मण्डला विधानसभा सहित बिछिया, निवास विधानसभा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया साथ ही कार्यालय से विधानसभा चुनाव की प्रारंभिक तैयारियां तथा कार्यकर्ताओं से संवाद आरंभ किया गया है, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के कक्ष में मण्डला विधानसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय का उदघाटन मण्डला विधायक श्री देवसिह सैयाम द्वारा किया गया, इसी तरह निवास में श्री रामप्यारे कुलस्ते, बिछिया में डॉ विजय आनंद मरावी की उपस्थिति में चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया गया। मण्डला विधानसभा चुनाव कार्यालय के उदघाटन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमति संपतिया उइके, पूर्व विधायक श्री रामप्यारे कुलस्ते, महामंत्री उमेश ठाकुर, भगवती श्रीधर, कृष्ण कुमार चौकसे, राजेश पाठक, महेश विश्वकर्मा, उमेश शु ला, सुरेन्द्र दुबे, नीलेश बाजपेयी, अनुराग चौरसिया, सूर्यकांत जंघेला, प्रमोद श्रीवास, नीरज पटेल, शंभू साहू, रामचंद्र यादव, राजेन्द्र सोनी, पूरन ठाकुर, विजय नीखर, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में 26 सित बर को प्लेससमेंट ड्राईव का आयोजन

सिवनी यशोः- प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में मंगलवार 26 सित बर 2023 को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय कैंपस प्लेससमेंट ड्राईव का आयोजन ऐ सीलेंस एचआर कंसलटेंट बड़ोदरा के माध्यम से किया जा रहा है।

प्लेसमेंट ड्राईव में 10वीं पास (नियमित) न्यूनतम 40 प्रतिशत, आईटीआई एनसीवीटी/ एससीवीटी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, टूल एंड डाईए मेकर, वेल्डर, इले ट्रीशियन, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाइल), ट्रै टर मैकेनिक एवं पेंटर जनरल उत्तीर्ण छात्र कैंपस ड्राईव में भाग ले सकते हैं।

इच्छुक प्रतिभागी आयोजन के दिन अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ए4 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा सहित समस्त प्रमाण पत्रों की 2-2 प्रति फोटोकॉपी लेकर संस्था में उक्त दिवस एवं समय में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तो पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करना होगा। कैंपस ड्राईव में प्रतिभागिता हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं होगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9997844111, 7990875595 पर संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297